भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 701
12.12.2022 को उत्तर के लिए

वायु प्रदूषण से निपटने के लिए समुदाय आधारित समाधान

701. **श्री प्रद्युत बोरदोलोई :**
श्री फिरोज वरूण गांधी :

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए कोई विश्वसनीय अध्ययन किया गया है और इससे निपटने के लिए क्या सिफारिशें की गई हैं;

(ख) वर्ष 2020 से अब तक वायु प्रदूषण के मुद्दे से निपटने के लिए वर्ष-वार कितनी धनराशि निर्धारित की गई है;

(ग) क्या सरकार पर्यावरण संबंधी नीति निर्माण में महिलाओं और जनजातीय समुदायों के अतिरिक्त ऐसतिहासिक रूप से कम प्रनिधित्व वाले वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठा रही है; और

(घ) क्या सरकार वायु प्रदूषण से निपटने के लिए समुदाय आधारित समाधानों को बढ़ावा देने के लिए कोई कदम उठा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौर क्या है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क): प्रदूषण के विभिन्न स्रोतों और वायु प्रदूषण में उनके योगदानों को अभिज्ञात कने हेतु 37 शहरों में स्रोत संविभाजन (एए) अध्ययन कराया गया है।

सरकार ने देशभर में वायु प्रदूषण में कमी लाने हेतु वर्ष 2019 में एक राष्ट्र-स्तरीय कार्यनीति के रूप में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) की शुरूआत की है। एनसीएपी के तहत, वायु की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु 131 अवमानक वायु गुणवत्ता वाले/दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में शहर-विशिष्ट स्वच्छ वायु कार्य-योजनाएं तैयार की गई हैं।

(ख): वित्तीय वर्ष 2019-20 से एनसीएपी के तहत और 15वें वित्त आयोग के तहत वायु प्रदूषण की समस्या से निपटने हेतु आबंटित धनराशि का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(ग) और (घ): सरकार पर्यावरणीय नीतियां तैयार करने में जन-परामर्श करती है। वायु प्रदूषण से निपटने हेतु समाज को समुदाय-आधारित समाधानों को अपनाना है जिनमें, अन्य बातों के साथ-साथ, स्रोत पर अपशिष्ट का पृथक्करण, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, वाहनों का अनुरक्षण और वैध प्रदूषण नियंत्रणाधीन (पीयूसी) प्रमाणन, डीजल जनरेटर स्रोतों के उपयोग को हतोत्साहित करना, विद्युत वाहनों को अपनाना आदि शामिल हैं।

******

अनुबंध-I

एनसीएपी के तहत और 15वें वित्त आयोग के तहत निधियों के वर्ष-वार आबंटन का ब्यौरा

एनसीएपी के तहत निधियों का ब्यौरा							
वर्ष	**वित्तीय वर्ष 19-20**	**वित्तीय वर्ष 20-21**	**वित्तीय वर्ष 21-22**	**वित्तीय वर्ष 22-23**	**वित्तीय वर्ष 23-24**	**वित्तीय वर्ष 24-25**	**वित्तीय वर्ष 25-26**
आबंटित निधि (करोड़ रू. में)	224.92	150.52	98.75	596.6	650	650	651.25
15वें वित्त आयोग के तहत निधियों का ब्यौरा							
आबंटित निधि (करोड़ रू. में)	-	4400	2025	2299	2431	2571	2621